मुफ़्त नमूना PDF — कैसे बनाएँ (SOP)

अपने क्षेत्र की असली फ़ॉर्मेट वाली पर्ची देखिए · पहले 15 मतदाता · कोई भुगतान नहीं

1 नमूना खोलिए

1. ऑर्डर पेज पर सबसे ऊपर **मुफ़्त नमूना** चुनिए। यह पूरे पेज पर अलग हिस्से की तरह खुलता है।

2 क्षेत्र और पद

1. **ज़िला** और **पद** चुनिए: पंच (एक वार्ड), सरपंच (पूरी ग्राम पंचायत), पंचायत समिति सदस्य या ज़िला परिषद सदस्य।
2. फिर **पंचायत समिति** → **ग्राम पंचायत** → **वार्ड** चुनिए। पं.स. / ज़ि.प. सदस्य के लिए अपना **निर्वाचन क्षेत्र** चुनिए।

3 डिज़ाइन और प्रत्याशी की जानकारी (वैकल्पिक)

- **डिज़ाइन** सूची से एक डिज़ाइन चुनिए। P-सीरीज़ में प्रत्याशी या बैनर की ज़रूरत नहीं होती।
- **S-सीरीज़** में दो तरीक़े हैं:
  - नाम (हिंदी), चुनाव चिन्ह और क्रम संख्या भरिए। पट्टी में ऊपर से नीचे कौन पहले छपे, यह भी चुन सकते हैं।
  - या पट्टी के नाप की **तैयार तस्वीर (छोटा बैनर)** लगाइए।
- **A-सीरीज़** में बैनर की तस्वीर लगाइए। न लगाएँ तो विज्ञापन की जगह खाली दिखती है।

पंच / सरपंच के नमूने में **बैलेट क्रम सं.** और पं.स. / ज़ि.प. सदस्य के नमूने में **EVM क्रम सं.** छपता है।

4 डाउनलोड

बटन	क्या मिलता है
⬇ इस डिज़ाइन का नमूना PDF	चुने हुए एक डिज़ाइन का PDF
⬇ सभी डिज़ाइनों के नमूने (एक PDF)	सभी डिज़ाइन एक ही PDF में (बनने में करीब 15 सेकंड)

सभी डिज़ाइनों वाली PDF में हर डिज़ाइन के पहले पन्ने पर **पहली पर्ची की जगह बड़े लाल अक्षरों में डिज़ाइन कोड** (जैसे **P-16**, **SR-10**, **AT-8**) छपा होता है, जो मोबाइल पर भी साफ़ पढ़ा जाता है। PDF की सूची (bookmarks) से भी सीधे किसी डिज़ाइन पर जा सकते हैं।

5 पसंद आए तो ऑर्डर

1. जो डिज़ाइन पसंद आए, उसका **कोड** लिख लीजिए।
2. ऊपर **वोटर स्लिप PDF** चुनकर ऑर्डर कीजिए, या कोड WhatsApp पर भेज दीजिए। पूरी विधि "ऑर्डर SOP" में है (ऑर्डर पेज पर 📖 मदद)।